राज्यपाल सचिवालय

राजभवन, जयपुर

# राज्यपाल ने स्व.भैरोंसिंह शेखावत स्मृति स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित की

जयपुर, 23 अक्टूबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने पूर्व उप राष्ट्रपति स्व.भैरोंसिंह शेखावत की जयंती पर रविवार को विद्याधर नगर स्थित उनके स्मृति स्थल जाकर उन्हें श्रद्धा–सुमन अर्पित किए।

राज्यपाल श्री मिश्र ने जयंती पर स्व. शेखावत को स्मरण करते हुए उन्हें शुचिता की राजनीति का पर्याय बताया। उन्होंने कहा कि अंत्योदय योजना के जरिए स्व. शेखावत ने अंतिम पंक्ति के लोगों तक विकास योजनाओं को व्यवहार में क्रियान्वित किया।

राज्यपाल श्री मिश्र ने उनकी स्मृति में आयोजित प्रार्थना सभा में भाग लिया और उनसे अपने निकट के सम्बन्धों को स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

-----